INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	Department: Hindi	Date :
Worksheet No: 1	Topic : अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

बहुत समय पुरानी बात है, एक बहुत घना जंगल था | एक बार किन्हीं कारणों से पूरे जंगल में तेज़ आग लग गई | सभी जानवर डर रहे थे कि अब क्या होगा?

थोड़ी ही देर में पूरे जंगल में भगदड़ मच गई सभी जानवर इधर से उधर भागने लगे | जंगल के सारे जानवर अपनी-अपनी जान बचाने में लगे हुए थे | उस जंगल में एक नन्हीं चिड़िया रहा करती थी उसने देखा कि सारे जानवर डरे हुए हैं | जंगल में आग लगी है मुझे लोगों की मदद करनी चाहिए|

चिड़िया जल्दी ही पास की नदी में गई | वह चोंच में पानी भरकर लाई और आग में डालने लगी | वह बार-बार नदी में जाती और चोंच में पानी डालती | पास से ही एक कबूतर गुज़र रहा था उसने चिड़िया की इस हरकत को देखा और मन ही मन सोचने लगा कि ये चिड़िया कितनी मूर्ख है इतनी भीषण आग को ये चोंच में पानी भरकर कैसे बुझा सकती है ?

यही सोचकर वह चिड़िया के पास गया और बोला कि तुम मूर्ख हो इस तरह से आग नहीं बुझाई जा सकती है|

चिड़िया ने बहुत विनम्रता के साथ उत्तर दिया- "मुझे पता है कि मेरे इस प्रयास से कुछ नहीं होगा लेकिन मुझे अपनी तरफ से पूरी कोशिश करना है, आग कितनी भी भयंकर हो लेकिन मैं प्रयास करना नहीं छोड़ूँगी |"

चिड़िया की बात सुनकर कबूतर बहुत प्रभावित हुआ |

कहानी से सीख : जब कोई परेशानी आती है तो हमें हार नहीं माननी चाहिए और बिना डरे प्रयास करते रहना चाहिए |

क. तेज़ आग कहाँ पर लगी थी ?

(i) महल में | (ii) जंगल में
(iii) कमरे में | (iv) बाज़ार में

ख. कौन अपनी-अपनी जान बचाने में लगे हुए थे ?

(i) सारे सिपाही | (ii) राजा के सारे नौकर
(iii) सारे जानवर | (iv) घर के सारे लोग

ग. चिड़िया जल्दी ही कहाँ गई ?

(i) पास के जंगल में | (ii) पास की नदी में
(iii) पास के बगीचे में | (iv) एक घर में

घ. चिड़िया चोंच में क्या भरकर लाई ?

(i) बाजरा | (ii) चावल
(iii) तिनका | (iv) पानी

ङ. चिड़िया की बात सुनकर कौन बहुत प्रभावित हुआ ?

(i) शेर | (ii) हाथी
(iii) कबूतर | (iv) भालू

◆ दिए गए शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए |

नई - .... धीरे - ....

दूर - .... जीत - ....

◆ दिए गए शब्दों को सही पर्यायवाची शब्दों से मिलाइए|

1. जंगल	-	a.	जल,	नीर
2. नदी	-	b.	कोशिश,	प्रयत्न
3. पानी	-	c.	कानन,	वन
4. प्रयास	-	d.	सरिता,	तटिनी

●●●●●●●●●●●●●●